जागरण फिल्म उत्सव में पहुंचे पत्रकारिता के छात्र, समझी बारिकियां

श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के स्कूल आफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस के पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने देहरादून जागरण फिल्म फेस्टिवल में भ्रमण किया । यह फिल्म फेस्टिवल 21 से 23 फरवरी तक देहरादून के सिल्वर सिटी सिनेमा में आयोजित किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में प्रतिभाग कर रहे हैं पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने द वाइस मदर, सैम बहादुर,आर यू ओके बेबी जैसी कई प्रसिद्ध फिल्मों की स्क्रीनिंग देखी। पत्रकारिता विभाग के 35 छात्रों के दल ने फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा और सिनेमैटोग्राफी को समझने के साथ-साथ नए और पुराने सिनेमा के दिग्गज निर्देशकों की फिल्में भी देखी। छात्रों ने फिल्म और सिनेमैटोग्राफी की बारीकियों को समझा। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र-छात्राओं के साथ डॉ आशा बाला और डॉ आरती भट्ट मौजूद रहे।